UTTARAKHAND STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY

VOLUME-XI **APRIL-2021 TO JUNE-2021** **ISSUE-II**

e-NEWSLETTER

Quarterly Newsletter of Uttarakhand SLSA
Compiled by
Mr. R. K. Khulbey, Member Secretary, UKSLSA

High Court Campus, Nainital - 263001, Telefax : 05942-236552,
e-mail : slsa-uk@nic.in, ukslsanainital@gmail.com
website : www.slsa.uk.gov.in
Portal For Free Legal Aid: https://uklegalaidservices.uk.gov.in
Facebook Link: https://www.facebook.com/uttarakhand.slsa
Facebook Page Link: https://www.facebook.com/Uttarakhand-State-Legal-Services-Authority-104766307876873
Youtube Link: https://www.youtube.com/channel/UC6UDziuynkESRB0dtXd5cIQ
TOLL FREE NO. 18001804000, 15100

UTTARAKHAND STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY, NAINITAL

Hon'ble Mr.Justice Raghvendra Singh Chauhan,
Hon'ble Patron-in-Chief,
UKSLSA,Nainital



Hon'ble Mr.Justice Manoj Kumar Tiwari,
Hon'ble Executive Chairman,
UKSLSA,Nainital

Hon'ble Mr.Justice Narayan Singh Dhanik
Hon'ble Chairman,
HCLSC, Nainital

Mr. R.K. Khulbey,
Member Secretary, UKSLSA, Nainital

Mr. Sayed Gufran,
Officer on Special Duty, UKSLSA, Nainital

E-NEWS LETTER FOR APRIL-2021 TO JUNE-2021

MULTI-PURPOSE LEGAL LITERACY-CUM-MEDICAL CAMP AT JAULJIBI FAIR GROUND,PITHORAGARH:

On 04th April, 2021,a Multi-purpose/New Module Legal Service Camp was organized in the Jauljibi Fair Ground at District Pithoragarh. The said camp was organized as per the direction of the Hon'ble Executive Chairman, UKSLSA, Nainital. The said multipurpose camp was inaugurated by the Hon'ble Executive Chairman, UKSLSA Nainital. The Member Secretary, UKSLSA, District Judge/Chairman and Secretary, DLSA Pithoragarh and other judicial officers were also present in the said multipurpose camp. Hon'ble Executive Chairman, UKSLSA Nainital informed the participants that every citizen should be aware about their rights and obligations.Legal Services Institutions have been constituted/established to ensure Access to Legal Services for the common mass by providing them free legal aid. Goal of legal aid would be achieved when all the needy and poor people are aware and are getting benefits from it as it is their fundamental right.

In the above Multi-purpose camp total **1109 people** were benefited and Wheelchairs, Spectacles, Hearing Aid, Blanket Shawls and medicines etc.provided to them. Free medical check up of the people including heart patients were also conducted.

Besides the above, Certificates relating to Income ,Caste, Domicile, Disability, Death, Birth, B.P.L. Category were provided to **425 people.** Widow, Old Age pension Applications, workers registration form, renewal of workers registration, Aadhar Card form etc. received by the departments in order to process so that maximum no. of persons may be benefitted.

पिथौरागढ़/चम्पावत जागरण 2 दैनिक जागरण हल्द्वानी, 5 अप्रैल, 2021

अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक

संवाद सूत्र, जौलजीबी: उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले के जौलजीबी मेला प्रांगण में बहुद्देश्यीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं कार्यपालक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज तिवारी ने दीप जला कर किया।

न्यायाधीश मनोज तिवारी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। जागरूक व्यक्ति ही अपने अधिकारों की आसानी से रक्षा कर सकता है। उन्होंने कहा कि न्याय को और अधिक सरल व सुगम बनाने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय के लिए समान अवसर उपलब्ध कराते हुए सबसे लिए समान न्याय की व्यवस्था करना है।

पिथौरागढ़ के जौलजीबी में रविवार को आयोजित बहुद्देशीय शिविर का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते न्यायमूर्ति मनोज तिवारी (दाएं से दूसरे) • जागरण

विधवा, वृद्धावस्था पेंशन के फार्म भरे गए

शिविर में महिला समाज कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग चार विधवा, आठ वृद्धावस्था, तीन दिव्यांग, तीन किसान पेंशन, दो नंदा गौरा देवी के फार्म स्वीकृत करने के साथ ही चार दिव्यांग व्यक्तियों के ह्वील चेयर वितरित की। श्रम विभाग ने 35 श्रमिकों के पंजीयन फार्म भरने के साथ 23 नवीनीकरण और सौ व्यक्तियों को लाभार्थी फार्म वितरित किए।

ये अधिकारी रहे मौजूद : सीडीओ अनुराधा पाल, सीजेएम सुधीर कुमार, एडीएम आरडी पालीवाल, ब्लॉक प्रमुख धारचूला धन सिंह धामी, एसडीएम केएन गोस्वामी, सीएमओ डा. एचसी पंत, हंस फाउंडेशन के परमिंदर बिष्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सदस्य सचिव उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव कुमार खुल्बे ने प्राधिकरण के कार्यों के बारे में पूर्ण जानकारी दी। जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य जनता को विधिक जानकारी प्रदान करने के साथ ही विभिन्न विभागों के शिविरों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी भी देना है।

अमर उजाला पिथौरागढ़-चंपावत नैनीताल | सोमवार, 5 अप्रैल 2021 7

अधिकारों के लिए जागरूक होना जरूरी : न्यायमूर्ति तिवारी

जौलजीबी में बहुउद्देश्यीय विधिक साक्षरता शिविर में व्हीलचेयर समेत कई सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन, पंजीकरण का लाभ मिला

संवाद न्यूज एजेंसी

धारचूला (पिथौरागढ़)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जौलजीबी में बहुउद्देश्यीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक मनोज तिवारी ने किया। न्यायमूर्ति तिवारी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। जागरूक व्यक्ति ही अपने अधिकारों की रक्षा आसानी से कर सकता है।

उत्तराखंड राज्य प्राधिकरण सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव राजीव कुमार खुल्बे ने प्राधिकरण और विधिक सेवा की जानकारी दी। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज डॉ. जीके शर्मा ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य जनता को विधिक और योजनाओं की जानकारी देना है। चार संघ के अध्यक्ष मोहन चंद्र भट्ट ने कहा कि न्याय चरण निर्धन के द्वार के क्रम में लोगों को जानकारी मिली। न्यायमूर्ति तिवारी ने सीडीओ अनुराधा पाल समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों से शिविर में प्राप्त समस्याएं सुलझाने को कहा। जोआईसी जौलजीबी की बालिकाओं ने स्वागत गीत गाया। सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार द्विवेदी ने संचालन किया। डॉ. दीप चौधरी ने जौलजीबी का इतिहास बताया। शिविर में सीजेएम सुधीर कुमार, एडीएम आरडी पालीवाल, ब्लॉक प्रमुख धारचूला धन सिंह धामी, एसडीएम केएन गोस्वामी, सीएमओ एचसी पंत, हंस फाउंडेशन से परमिंदर सिंह बिष्ट आदि रहे।

जौलजीबी में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़। संवाद न्यूज एजेंसी

दिव्यांगजनों के साथ न्यायमूर्ति मनोज तिवारी एवं जिला जज डॉ. जीके शर्मा।

व्हील चेयर पाकर खिल उठे दिव्यांगों के चेहरे

जौलजीबी (पिथौरागढ़)। शिविर में कई विभागों ने स्टॉल लगाए। महिला और समाज कल्याण विभाग ने विधवा पेंशन के चार, वृद्धा पेंशन आठ, दिव्यांग पेंशन के तीन, किसान पेंशन के तीन, नंदा गौरादेवी के दो फार्म स्वीकृत कर चार दिव्यांग व्यक्तियों को निशुल्क व्हील चेयर बांटी गई। शिविर में अलमोड़ा से आए निजी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मण लाल ने 80 हृदय से संबंधित रोगियों का स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया। पिथौरागढ़ स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाकर 245 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही 26 दिव्यांग प्रमाणपत्र भी बनाए गए। शिविर में हंस फाउंडेशन ने 25 स्टॉल चेयर, 2000 मास्क, 700 पानी, 300 कान की मशीन, दवा, कंबल, शॉल बांटे गए। श्रम विभाग ने 35 श्रमिकों के पंजीयन फार्म भरे। 23 नवीनीकरण और 100 व्यक्तियों को लाभार्थी फार्म बांटे। उद्योग विभाग, बाल विकास विभाग, ग्राम विकास विभाग ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। (संवाद)

MEETING OF HON'BLE HIGH POWER COMMITTEE DATED 17.05.2021:

In compliance of the Order dated 07.05.2021 passed by the Hon'ble Supreme Court of India, in Suo Moto Writ Petitions (C) No. 1/2020-IN RECONTAGION OF COVID-19 VIRUS IN PRISONS and order dated 06.05.2021 passed by the Hon'ble High Court of Uttarakhand in Writ Petition (PIL) No. 58 of 2021 (Omveer Singh Vs. State of Uttarakhand and others) and as per directions of Hon'ble Executive Chairman, UKSLSA, Nainital, a Hon'ble High Power Committee meeting was convened on 17.05.2021. The said meeting was chaired by the Hon'ble Mr. Justice Manoj Tiwari, Executive Chairman, UKSLSA and other members of the committee, Secretary, Home Govt. of Uttarakhand and IG Prison, Uttarakhand Dehradun have attended the meeting. Hon'ble High power committee has recommended that 106 convicted prisoners and 685 under trial prisoners shall be released on parole/interim bail for 90 days. Hon'ble High power committee has directed that the convicts/ undertrials which are to be released on parole/interim bail, shall undergo RT-PCR and other tests for Covid-19 before their release. The Chief Medical Officer of the concerned district shall be asked to conduct proper health check-ups of such prisoners/undertrials before their release on parole or interim bail. They may also be requested to make necessary arrangements regarding the medical examination (COVID-19 Examination) of such prisoners/undertrials before they are transmitted from the jail to their respective places.

MEETING OF HON'BLE HIGH POWER COMMITTEE DATED 23.06.2021:

In compliance of the Order dated 07.05.2021 passed by the Hon'ble Supreme Court of India, in Suo Moto Writ Petitions (C) No. 1/2020-IN RECONTAGION OF COVID-19 VIRUS IN PRISONS and order dated 06.05.2021 passed by the Hon'ble High Court of Uttarakhand in Writ Petition (PIL) No. 58 of 2021 (Omveer Singh Vs. State of Uttarakhand and others) and as per directions of Hon'ble Executive Chairman, UKSLSA, Nainital, the Second Hon'ble High Power Committee meeting was convened on 23.06.2021.The said meeting was chaired by the Hon'ble Mr. Justice Manoj Tiwari, Executive Chairman, UKSLSA and other members of the committee, Secretary, Home Govt. of Uttarakhand and IG Prison, Uttarakhand Dehradun have attended the meeting. Hon'ble High power committee has recommended that 24 convicted prisoners and 79 under trial prisoners shall be released on parole/interim bail only for 60 days. The convicts and under-trials of other countries be not considered for release on parole/interim bail by the Hon'ble Committee considering the future complications regarding ensuring their presence in the course of trial/in jails for serving the sentences. The list of sick convicts/under-trials prisoners has taken into consideration to be released on parole/interim bail. It is directed that the other conditions shall be as per the previous order/recommendation of Hon'ble High Powered Committee.

VIDEO CONFERENCING SESSION:

1. As per directions of Hon'ble Executive Chairman, UKSLSA, Nainital a meetting on 04.05.2021 was convened by the UKSLSA with secretaries, District legal services authorities of the state of Uttarakhand through Video Conference.The meeting was chaired by the Hon'ble member secretary UKSLSA Sri R.K.Khulbe. In the said meeting issues regarding progress report of DLSAs in light of the letter dated 21.04.2021 of NALSA, Legal Aid related activities of DLSAs during the second wave of COVID-19 Pandemic were discussed.

2 On 21.06.2021, again a Video conferencing session was conducted. During this VC Session the Hon'ble Executive Chairman, Uttarakhand SLSA was interacted with the Chairpersons and Secretaries of District Legal Services Authorities. In the said video conferencing session the matter regarding upcoming National Lok Adalat (10.07.2021) and other issues were discussed.



REGIONAL CONSULTATION (NORTHERN ZONE) OF STATE LEGAL SERVICES AUTHORITIES:

As per directions of Hon'ble Executive Chairman, National Legal Services Authority, a Regional Consultation (Northern Zone) of State Legal Services Authorities was held on 14th June, 2021 through virtual mode. The said Regional Consultation was chaired by the Hon'ble Executive Chairman, NALSA and attended by the Hon'ble Executive Chairman and Member Secretary, Uttarakhand SLSA, Nainital including the Hon'ble Executive Chairman, State Legal Services Authorities Jammu & Kashmir, Ladakh and Uttar Pradesh. Points for Discussion of the afroesaid Regional Consultation were:

(1) Front Offices
(2) Panel Lawyers –review, reassess and resize of panel
(3) Retainer Lawyers
(4) Early Access to Justice at Pre-Arrest, Arrest and Remand Stage
(5) Legal Aid Defense Counsel
(6) Engagement of Senior Advocate / Advocates having 10 years of professional experience
(7) Pending Bills of Panel Lawyers

LEGAL LITERACY CAMPAIGN DRIVE THROUGH MOBILE VAN/VIDHIK SEVA RATH:

From 01 April, 2021 to 08th April, 2021, eight (08 Days) campaign drives were conducted in the remotest villages of district Pithoragarh through Mobile Van/Vidhik Seva Rath. During the said period Legal Literacy Camps were organized in 24 villages situated in remote areas of district Pithoragarh, as well as in urban areas of the district. During the legal literacy camps common masses were sensitized by displaying documentary films relating to Mediation Mechanism,Women Empowerment,Lok Adalats and Free Legal Services provided by the Legal Services Institutions in the State of Uttarakhand.

Legal Literacy Camp at Village Balakot, Pithoragarh on 01.04.2021.

Legal Literacy Camp at Village Meldugari, Pithoragarh on 01.04.2021.

Legal Literacy Camp at Village Dhamora, Pithoragarh on 01.04.2021.

Legal Literacy Camp at Village Jhulaghat, Pithoragarh on 02.04.2021.

Legal Literacy Camp at Village Dooni, Pithoragarh on 01.04.2021.

Legal Literacy Camp at Village Muna Kot, Pithoragarh on 01.04.2021.

Legal Literacy Camp at Village Kothara, Pithoragarh on 03.04.2021.

Legal Literacy Camp at Village Kotamanya, Pithoragarh on 05.04.2021.

Mobile van legal literacy camp on 06.05.2021 at remote village of district Pithoragarh.

Legal Awareness through Mobile Van at remote areas of district pithoragarh on 06.04.2021

Legal Literacy Camp at Village Naini Saini, Jajardeval, Pithoragarh on 07.04.2021.

Legal Literacy Camp through Mobile Van conducted at remote area on 07.04.2021

Mobile Van Legal Literacy Camp conducted on 08.04.2021

MULTIPURPOSE LEGAL AWARENESS CAMP AT GOVT. JR. HIGH SCHOOL, BACHHAM, BAGESHWAR:

DLSA **Bageshwar** has organized a Multipurpose Legal Awareness Camp on 04th April, 2021 at Govt. Junior High School, Bachham, Bageshwar. The said camp was inaugurated by the District Judge/Chairman, DLSA Bageshwar. In the Camp,stalls were set up by the different government departments and the common people were get benefitted by this. 20 Farmers have been motivated to fill the form for *Kisan Samman Nidhi.* 154 people were benefited by providing them medicine through medical department . During the camp, Hans Foundation, an NGO conducted medical checkup of the people and distributed them medicines etc. as per their requirement. Total 50 Workers were benefited by filling their forms for registration with Labour Department. 25 persons have been provided Ration Cards. The Participants were also sensitized about Govt. Welfare Schemes run by the Social Welfare Department and Labour Department etc., about Legal Aid Information System (LAIS) and Legal Services Management System (LSMS) developed by the UKSLA and NALSA respectively.

OBSERVATION OF "WORLD HEALTH DAY":

The unparalleled value of good health is celebrated on the occasion of **"World Health Day"** on 07th April of every year. In order to observe the World Health Day, all the DLSAs have been directed to organize awareness programme /Webinar in co-ordination with Health Department.

DEHRADUN

"World Health Day" was celebrated on 07.04.2021 at prince chauk, Jain Dharamshala, Dehradun.

UTTARKASHI

"World Health Day" was celebrated on 07.04.2021 in the District Hospital Uttarkashi in cooperation with Health Department.

CELEBRATION OF "WORLD ENVIRONMENT DAY":

As mentioned in the Plan of Action for the month of June, 2021, 'World Environment Day' was observed throughout the State of Uttarakhand. On that day District Legal Services Authorities of the State have organized Plantation Programmes, Legal Literacy Camps and Webinars.

Brief report about the activities such as Plantation Programmes, Webinars, Legal Literacy Camps organized by the District Legal Services Authorities is as under:

ALMORA

On 5th june 2021,the occasion of **"World Environment Day" ,**Secretary DLSA Almora along with PLVs of the DLSA has conducted plantation programme at 13 places in the district.

BAGESHWAR

On the occasion of **"World Environment Day"** on 05.06.2021 PLVs enrolled with DLSA Bageshwar has conducted plantation at about 16 places in the district. 01 nukkad natak was displayed by the PLV's on the theme of 'Benefits of Plantation'.

CHAMOLI

PLVs of DLSA Chamoli have conducted 06 Plantation programmes at 06 places of District Chamoli on the occasion of **"World Environment Day"** on 05.06.2021.

CHAMPAWAT

During the **"World Environment Day"** on 05.06.2021 the Plantation programme was organized at 13 places by the DLSA Champawat and different kinds of plants were planted in the district.

DEHRADUN

PLVs enrolled with DLSA Dehradun have planted different kind of plants within their deputed areas in the district during the occasion of **"World Environment Day"** on 05.06.2021.A virtual symposium was organised by Dlsa.



HARIDWAR

Secretary, DLSA and PLVs enrolled with DLSA have carried out plantation activities at 04 places of the district during the 05.06.2021 on the occasion of **"World Environment Day"**.

NAINITAL

DLSA Nainital organized a webinar on the occasion of **"World Environment Day"** and PLVs of the district have conducted plantation during the day on 05.06.2021.

PAURI GARHWAL

TLSC Kotdwar have organized plantation programme within tehsil Kotdwar on the occasion of **"World Environment Day"** on 05.06.2021. Live Webinar was also conducted by DLSA Pauri Garhwal.

PITHORAGARH

Plantation programme was held by the PLVs enrolled with DLSA Pithoragarh at 04 places of the district on 05.06.2021 during **"World Environment Day"**.

RUDRAPRAYAG

"World Environment Day" was observed on 05.06.2021 and during the day Plantation programme was conducted by the Chairperson and Secretary, DLSA & PLVs at 20 places in district Rudraprayag.

TEHRI GARHWAL

25 Plantation campaign were held throughout district Tehri Garhwal during the day 05.06.2021 on the **"World Environment Day"**. The said programme was organized by the Secretary, DLSA and PLVs of the District.



UDHAM SINGH NAGAR

DLSA U.S. Nagar and 65 PLVs of the district have conducted plantation activities and different kind of plants was planted during the said plantation drive on 05.06.2021 on the occasion of **"World Environment Day".**

UTTARKASHI

In order to observe **"World Environment Day"** Secretary,DLSA Uttarkashi and PLVs has planted different kind of plants at about 31 places throughout the District Uttarkashi on 05.06.2021.

OBSERVATION OF "INTERNATIONAL DAY AGAINST DRUG ABUSE AND ILLICIT TRAFFICKING ":

On 26.06.2021, the DLSAs have observed **"International Day Against Drug Abuse And Illicit Trafficking"** in the State of Uttarakhand. The said programme was conducted by the DLSAs as per directions of UKSLSA in the Plan of Action for June, 2021. During the day District Legal Services Authorities have organized online Legal Literacy Programmes/Webinars.

DLSA Almora organized a webinar on 26.06.2021 to observe**"International Day Against Drug Abuse And Illicit Trafficking"**

Secretary, DLSA **Bageshwar** organized a webinar to observe **"International Day Against Drug Abuse And Illicit Trafficking"** on 26.06.2021

PLVs of DLSA **Champawat** organized Legal Awareness Camp to observe **"International Day Against Drug Abuse And Illicit Trafficking"**on 26.06.2021

नशा निरोधक दिवस पर लोगों को किया जागरूक

संवाद सहयोगी, टनकपुर : अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सिविल जज सीनियर डिविजन उदय प्रताप सिंह ने टनकपुर अस्पताल में लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया। उन्होंने नशे के खिलाफ एकजुट होकर लोगों को जागरूक करने की अपील की।

उन्होंने पीएलवी को नशे के खिलाफ अभियान छेड़ने के निर्देश दिए। बाद में सिविल जज ने सीएमएस डा. एसएस हर्याकी से अस्पताल में संचालित चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर पीएलवी रैनक अली, गुरुचनी, एएनएम भावना पोखरिया, विपुला मंडल, डा. हेमंत शर्मा आदि मौजूद रहे। इधर नगर के वार्ड नंबर तीन में नशा हटाओ, जीवन बचाओ अभियान के संयोजक जीआईसी सिटी में संस्कृत प्रवक्ता सामब्रवा आर्य ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया। पीएलवी गीतू, अमित कुमार सहित सभासद रईस अहमद ने नशा त्यागने वाले एवं छुड़वाने वाले लोगों को प्रमाण पत्र और स्वामी विवेकानंद साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दीप चन्द्र, सन्तराम, राम सागर, लक्ष्मीकांत, राम खिलवान, धर्मदेव सिंह, सुनील, गौरव कटियार, मुकेश कुमार, नदीम, आमीन, रियाज आदि मौजूद रहे।

टनकपुर में नशे का त्याग करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते सामब्रवा आर्य • जागरण

On 26.06.2021, in order to observe "International Day Against Drug Abuse And Illicit Trafficking" a programme was organized by the DLSA **Dehradun** & PLVs in cooperation with other departments & NGOs.

DLSA **Nainital** organized a Webinar on 26.06.2021 to observe "International Day Against Drug Abuse And Illicit Trafficking.

Secretary, DLSA **Pithoragarh** conducted a webinar on 26.06.2021 through Google Meet with Judicial Officers, Panel & Retainer Lawyer, PLVs in order to observe "International Day Against Drug Abuse And Illicit Trafficking"



DLSA **Uttarkashi** observed **"International Day Against Drug Abuse And Illicit Trafficking"** by organizing webinar on 26.06.2021.

LEGAL AID INFORMATION SYSTEM (LAIS) PORTAL:

As per directions and guidance of Hon'ble the then Chief Justice/Patron-in-Chief, Uttarakhand SLSA, Nainital, a web based application (open source) namely **LEGAL AID INFORMATION SYSTEM (LAIS)** has been developed to access services of legal aid and to monitor the activities being carried out through legal aid easily and efficiently. The said ambitious web application aims to provide free legal aid to the needy people and other concerned stakeholders.

District wise pendency of the cases and other Data in the Online Portal (https://uklegalaidservices.uk.gov.in/) which is available for Panel Lawyers, PLVs and also for every needy/common mass is as under:



AWARENESS ABOUT PERMANENT LOK ADALAT:

As per directions of Uttarakhand SLSA, Nainital, Chairman, Permanent Lok Adalat, Dehradun has conducted meeting and awareness programme on 25.06.2021. The said programme was attended by the Chairman and Members of Permanent Lok Adalat, Chief Managers of Union Bank of India, AXIS Bank of India, Bank of Baroda etc. In the said programme participants were sensitized about the easy & amicable settlement of the cases related to Banking & Financial matters.

स्थाई लोक अदालत में की जा सकती है एक करोड़ रुपये तक के विवादों की अपील

गोल्डन कार्ड से क्लेम न मिला तो स्थाई लोक अदालत आइए

देहरादून | अंकित चौधरी

जनोपयोगी सुविधा में विवाद या गड़बड़ी है तो आप स्थाई लोक अदालत में तेजी से समाधान पा सकते हैं। गोल्डन कार्ड से इलाज या क्लेम नहीं मिलने के मामले भी सामने आ रहे हैं। ऐसे मामले में भी यहां अपील की जा सकती है। इसके लिए कोर्ट फीस या अधिवक्ता का शुल्क भी चुकाना नहीं होगा। यहां समाधान अवधि सिविल कोर्ट के मुकाबले काफी कम है। उत्तराखंड में स्थाई लोक अदालतें चार जिलों में चल रही हैं, जिनमें देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और यूएसनगर हैं।

शुक्रवार को जिला स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष (एडीजे) राजीव कुमार ने आमजन को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, स्थाई लोक अदालत 2019 से चल रही है। इसकी जानकारी बहुत कम लोगों को है। जरूरी सेवा विवाद में लोग सिविल कोर्ट जाते हैं और वहां कोर्ट फीस लगती है। सुनवाई में लंबा समय भी लग सकता है। जबकि, स्थाई लोक अदालत में कोर्ट फीस नहीं लगती और न ही वकील की जरूरत पड़ती है। सुलह-समझौते पर समधान की कोशिश की जाती है। कई बार मामले नहीं निपटते हैं तो तथ्यों पर निर्णय लिए जाते हैं। इसके फैसलों पर अपील नहीं की जा सकती। ट्रायल समय बहुत कम रखा गया है। औसतन तीन से पांच महीने में वाद का निस्तारण किया जाता है। यहां एक करोड़ रुपये तक के विवादों की सुनवाई का प्रावधान है। पर किसी कोर्ट में अपील न की गई हो।

खामियां दूर हों पेज 12

छात्र को वापस मिली आधी से ज्यादा कोचिंग फीस

एडीजे के अनुसार, कुछ माह एक छात्र के पिता ने कोचिंग संस्थान में दी गई फीस लेकर अपील की। उन्होंने कोचिंग संस्थान को सालभर की 85 हजार रुपये फीस दी। उनका बेटा जिस परीक्षा की तैयारी कर रहा था, उसके लिए 12वीं में 70% अंक जरूरी है। बेटे के इतने अंक नहीं आए थे। संस्थान ने पहले अंक कम आने पर फीस लौटाने की बात कही। बाद में इनकार कर दिया। कोर्ट ने छात्र को 50 हजार रुपये कोचिंग संस्थान से वापस दिलाए। बीते मार्च में 16 वादों का समाधान कर लोगों को 36.66 लाख रुपये प्रतिकर दिलाया गया। हाल ही में ऑनलाइन सुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

एडीजे राजीव कुमार। ● हिन्दुस्तान

इस तरह के मामलों का होता है समाधान

- वायु, सड़क, रेल, जलमार्ग सेवा मामले
- डाक-तार या टेलीफोन सेवा मामले
- ऐसे विभाग, जो बिजली-पानी देते हों
- लोक सफाई या स्वच्छता प्रणाली
- अस्पताल या औषधालय की सेवा
- बैंकिंग, फाइनेंशियल एवं बीमा सेवा
- स्कूल-कॉलेज या कोचिंग संस्थानों से जुड़े मामलों का भी निस्तारण होता है।
- आवास और भू-संपदा सेवा से जुड़े हुए मामलों में भी होती है सुनवाई

स्थायी लोक अदालत में होगा इलाज संबंधी शिकायतों का समाधान

निश्शुल्क लड़ सकते हैं केस, दो से तीन महीने में होता है निर्णय

जागरण संवाददाता, देहरादून : कोरोनाकाल में सबसे बड़ी समस्या स्वास्थ्य सुविधा की सामने आ रही है। सरकार की ओर से पांच लाख रुपये तक के इलाज के लिए गोल्डन कार्ड की सुविधा दी हुई है, लेकिन कई विसंगतियों के कारण कार्डधारक इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। दरअसल, कई अस्पताल इस योजना के तहत इलाज करने से मना कर रहे हैं तो कई गोल्डन कार्ड होने के बाद भी मरीजों से पैसे मांग रहे हैं। ऐसी स्थिति में स्थायी लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है जहां पर एक साधारण शिकायती पत्र देकर ही आपकी समस्या का समाधान हो सकता है।

स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन व अतिरिक्त जिला जज राजीव कुमार ने बताया कि देखने में आ रहा है कि सूचीबद्ध होने के बावजूद अस्पताल गोल्डन कार्ड धारकों का इलाज करने से मना कर रहे हैं। यदि किसी भी व्यक्ति को क्लेम से संबंधित कोई समस्या है तो वह कोर्ट के माध्यम से निश्शुल्क अपना केस लड़ सकता है। दोनों पार्टियों को बुलाकर कोशिश की जाती है कि आपसी सुलह समझौते से केस का निपटारा किया जाए। एक पक्ष सुलह समझौते के लिए तैयार नहीं होता तो ऐसी स्थिति में अदालत के पास निर्णय लेने का अधिकार है। स्थायी लोक अदालत में दो से तीन महीने में ही निर्णय हो जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि अदालत के निर्णय पर कहीं अपील भी नहीं की जा सकती है। एडीजे ने बताया कि जन उपयोगी सुविधाओं के लिए स्थायी लोक अदालत एक बहुत अच्छा माध्यम है, लेकिन जनता को अदालत की जानकारी न होने के कारण परेशान होना पड़ता है। एकमात्र स्थायी लोक अदालत ही है, जहां पर एक सादे कागज पर कोई भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। कोर्ट में केस पूरी तरह से निश्शुल्क चलता है।

शुक्रवार को कचहरी में पत्रकारों से दार्ता करते स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन एवं अतिरिक्त जिला जज राजीव कुमार ● जागरण

यहां करें शिकायत
pladoon@outlook.com
95570-96913

स्कूल अधिक ले रहा है फीस तो कोर्ट में करें शिकायत

एडीजे ने बताया कि कोरोना कर्फ्यू के कारण स्कूल बंद हैं। सरकार की ओर से आदेश जारी किया गया है कि स्कूल केवल ट्यूशन फीस ही लेंगे, इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन कई तरह की फीस वसूलकर अभिभावकों को प्रताड़ित कर रहे हैं। यदि किसी भी अभिभावक से स्कूल प्रबंधन ट्यूशन फीस के अलावा अन्य फीस वसूलता है तो इसकी शिकायत भी अदालत में की जा सकती है।

स्थायी लोक अदालत में इन मामलों में होती है सुनवाई

- यातायात सेवा से संबंधित समस्या
- डाक, तार या टेलीफोन सेवा
- सफाई या स्वच्छता प्रणाली
- अस्पताल या औषधालय में सेवा
- बीमा सेवा
- शैक्षिक या शैक्षणिक संस्थान
- आवास और भू संपदा सेवा
- बैंकिंग एवं फाइनेंशियल सेवा

लोक अदालत : बीमा क्लेम के पंद्रह लाख चुकाने का आदेश

देहरादून | कार्यालय संवाददाता

स्थाई लोक अदालत ने शुक्रवार को दो मामलों में फैसला सुनाया। एक मामले में इंश्योरेंस कंपनी को 3.87 लाख रुपये चुकाने का आदेश दिया है। वहीं अन्य मामले में अदालत ने मौत का क्लेम खारिज करने पर 15 लाख रुपये चुकाने का आदेश दिया है।

जिला सूचना कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक नारायण सिंह ने द न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंधक खिलाफ वाद दायर किया। कहा कि उनके परिवारी सदस्य स्व. दयाल सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद उनका 15 लाख रुपये का इंश्योरेंस क्लेम किया गया। कमियां निकालते हुए इसे कंपनी ने खारज कर दिया। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राजीव कुमार और सदस्य मंजू सकलानी ने आदेश दिया कि कंपनी अपीलकर्ता को मुआवजा राशि के रूप में तीस दिन के भीतर 15 लाख रुपये चुकाएगी। रकम पर न्यायालय में वाद दायर की तिथि से छह फीसदी साधारण ब्याज भी देना होगा।

वहीं कृष्णकांत शर्मा ने रिलायंस इंश्योरेंस कम्पनी प्रबंधक के खिलाफ वाद दायर किया। कहा कि कंपनी ने उनका कार क्लेम खारिज कर दिया। तबकि, उनके तत्व सही थे। इस पर कंपनी को वादी के इंश्योरेंस की आईडीबी वेल्यू 3.87 लाख रुपये चुकाने का आदेश दिया। वहीं पीड़ित को वाहन बीमा कंपनी को सौंपना होगा।

इंश्योरेंस कंपनियों को देना होगा मुआवजा

लोक अदालत

देहरादून | कार्यालय संवाददाता

स्थाई लोक अदालत ने सुनवाई करते हुए दो मामलों में इंश्योरेंस का भुगतान नहीं करने पर कंपनी को दोषी माना है। लोक अदालत ने दी ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को बीमा की धनराशि भुगतान के आदेश दिए हैं।

स्थायी लोक अदालत के फैसले के अनुसार, उमेश ने मई 2017 में पशुधन बीमा के अंतर्गत दी ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से दो घोड़ियों का बीमा कराया था।

शिकायतकर्ता ने पंजाब नेशनल बैंक से इसके लिए लोन लिया था। आठ हजार रुपये की धनराशि बीमा कंपनी को दी गई। घोड़ी का बीमा मूल्य एक लाख रुपये था। आठ दिसंबर 2017 को एक घोड़ी की मौत हो गई। दो वर्ष बीत जाने के बाद भी बीमा कंपनी ने भुगतान नहीं किया। लोक अदालत ने इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिए हैं कि मुआवजा धनाराशि छह प्रतिशत ब्याज समेत एक लाख रुपये, शारीरिक और मानसिक संवेदना के 10 हजार रुपये और वाद व्यय पांच हजार रुपये, आर्थिक हानि के रूप में 10 हजार रुपये शिकायतकर्ता को देने होंगे। एक अन्य मामले में शिकायतकर्ता प्रेमलता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 18 जून 2019 को वह कार से दून से हरिद्वार जा रहीं थीं। मोतीचूर फाटक के पास मिनी बस ने कार को टक्कर मार दी। डीडी मोटर्स में क्लेम फार्म भरकर दिया, जिस पर मरम्मत के लिए एक लाख 96 हजार आठ सौ 51 रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया। बीमा कंपनी ने उनका क्लेम 21 नवंबर 2019 को खारिज कर दिया। इस मामले में सुनवाई कर लोक अदालत ने एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को दोषी मानकर कहा कि कंपनी को छह फीसद ब्याज के साथ एक लाख 65 हजार नौ सौ 20 रुपये, शारीरिक और मानसिक संवेदना के 10 हजार और वाद व्यय 10 हजार रुपये देने होंगे।

सुनवाई

- दो अलग-अलग मामलों में लोक अदालत ने सुनाया फैसला
- कार की मरम्मत और घोड़ी की मौत के मामले में सुनवाई

epaper हिन्दुस्तान

दो शिक्षण संस्थानों को फीस लौटाने के आदेश

लोक अदालत

देहरादून | कार्यालय संवाददाता

देहरादून कोर्ट परिसर में स्थायी लोक अदालत में शनिवार को कई मामलों पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने अविरल क्लासेज के डायरेक्टर को छात्र को बकाया फीस लौटाने और कुकरेजा इंस्टीट्यूट को शिकायतकर्ता को फीस ब्याज समेत लौटाने के आदेश दिए।

स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष राजीव कुमार ने शनिवार को लोक अदालत में अजय कुमार की ओर से अविरल क्लासेज के डायरेक्टर के खिलाफ दर्ज शिकायत पर सुनवाई की। फीस को लेकर चल रहे विवाद में दोनों पक्षों की दलील सुनी गई। इसके बाद अदालत ने शिकायतकर्ता के बच्चे के कुछ समय की गई पढ़ाई का खर्चा कटौती के पश्चात बकाया फीस की धनराशि 15 हजार लौटाने के आदेश दिए। वहीं, मो. आमिर ने कुकरेजा इंस्टीट्यूट के खिलाफ वाद दायर किया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों में समझौता नहीं हो पाया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के पश्चात आरोपी पक्ष को पीड़ित द्वारा जमा फीस 1,35,200 रुपये और रजिस्ट्रेशन शुल्क 10.50 प्रतिशत ब्याज की दर से 30 दिन के भीतर चुकाने के आदेश दिए।

एक अन्य मामले में अदालत ने मो. अहमद बनाम मुख्य शाखा प्रबंधक बजाज एलायंज और अन्य के मध्य दर्ज वाद में दोनों पक्षों की दलील सुनी। अदालत ने बीमा कंपनी को मेडिकल इंश्योरेंस क्लेम की कुल धनराशि 2,95,178 रुपये 30 दिन के भीतर शिकायतकर्ता को देने के आदेश दिए। वहीं, स्थायी लोक अदालत में एक विधवा महिला की ओर से पति की पर्सनल एक्सिडेंट बीमा पॉलिसी का क्लेम लेने के लिए बीमा कंपनी के खिलाफ वाद दायर किया था। अदालत ने कंपनी को पॉलिसी के क्लेम के तीन लाख रुपये और बाद पर व्यय धनराशि 30 दिन के भीतर लौटाने के आदेश दिए। बीमा कंपनी की ओर से शिकायतकर्ता को धनराशि का चेक दिया गया।

सुनवाई

- कोर्ट परिसर में आयोजित स्थायी लोक अदालत में हुई सुनवाई
- बीमा कंपनियों के मामलों का भी अदालत में निस्तारण

SUCCESS STORIES

01

16 वर्षीय बालिका को नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया गया

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून को प्रार्थिनी श्रीमती आशी जेम्स निवासी–वार्ड नं0, गढ़ी कैण्ट, देहरादून द्वारा अपनी 16 वर्षीय पुत्री द्वारा गलत संगति में पड़ जाने पर परामर्श लिये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया।
- उक्त प्रार्थिनी द्वारा अपने पत्र में यह कथन किया गया कि कुछ नशा बेचने वाले लोगों ने उसकी पुत्री के साथ नशा बेचने हेतु सम्पर्क किया एवं उसे पैसों का भी लालच दिया गया। नशा बेचते–बेचते 02 माह के अन्दर ही वह भी नशें की इतनी आदी हो गयी कि उसे नशा करने के लिये अपने घर के सामान की चोरी भी करने लगी एवं घरवालों से पैसे भी मांगने लगी। घरवालों द्वारा पैसे न दिये जाने से इंकार करने पर वह अपने घरवालों पर चाकू से भी हमला करने लगी।
- वह नशे में इतनी ज्यादा लिप्त हो चुकी है कि घर से सहयोग न होने पर वह नशे के चलते कई–कई दिनों तक घर से बाहर दोस्तों के साथ रहती है एवं अब वह काफी समय से अपने घर नहीं लोटी है जिससें उक्त प्रार्थिनी को बहुत चिंता हो रही है कि वह गलत हाथों में न पड़ गयी हो और उसके साथ कुछ अनहोनी न हो जाये।
- प्रार्थिनी जब थानें में रिपोर्ट लिखवाने गयी तो पुलिसवालों ने कहा कि आपकी पुत्री तो बार–बार घर से गायब होती रहती है। हम बार–बार रिपोर्ट नहीं लिखेंगे।
- प्रार्थिनी द्वारा यह भी कथन किया गया कि कुछ दिन पहले प्रार्थिनी की पुत्री के कुछ दोस्तों के साथ कहा–सुनी भी हो गयी थी जिस पर उनकी पुत्री के दोस्तों ने उक्त प्रार्थिनी को धमकी दी थी कि वह अब उनकी पुत्री को हमेशा के लिये गायब कर देंगे जिस पर प्रार्थिनी बहुत घबरा गयी है। अतः प्रार्थिनी यह चाहती है कि वह अपनी पुत्री को नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती कराये।
- तत्पश्चात् किसी व्यक्ति ने प्रार्थिनी को नशे की रोकथाम करने वाली संस्थाओं के बाबत् जानकारी दी गयी।
- तत्पश्चात् प्रार्थिनी ने मैक संस्था, देहरादून के पराविधिक कार्यकर्तागण से सम्पर्क किया।
- उक्त पराविधिक कार्यकर्तागण द्वारा इस मामलें को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के संज्ञान में लाया गया।
- तत्पश्चात् इस प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के पराविधिक कार्यकर्तागण की टीम का गठन कर उक्त महिला की पुत्री को रेस्क्यू कर नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती किये जाने हेतु आदेशित किया गया।
- तत्पश्चात् पराविधिक कार्यकर्तागण की टीम द्वारा उक्त प्रार्थिनी की पुत्री को ढूंडकर रेस्क्यू किया गया एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के सहयोग से नशामुक्ति केन्द्र, देहरादून में भर्ती करवाया गया।

02

03 बच्चे जिनको पहले भी रेस्क्यू किया गया था, को दुबारा नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया गया

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा पराविधिक कार्यकर्तागण के सहयोग से "**संकल्प नशमुक्ति देवभूमि**" के तहत कबाड़ बीनने वाले तीन बच्चे जोकि नशे में लिप्त थे को पहले भी नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया गया था।
- परन्तु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचना मिली कि उक्त 03 बच्चे जिनको पहले भी रेस्क्यू किया गया था एवं उनके परिवारजनों द्वारा यह कथन किया गया था उन बच्चों को पढ़ाया लिखाया जायेगा परन्तु सही पुर्नवास एवं सहयोग न मिल पाने के कारण उनके परिवारजनों द्वारा उनकी पढ़ायी रोक कर उनको फिर से कबाड़ बीनने के लिये लगा दिया गया। तत्पश्चात् वह बच्चे फिर से कबाड़ बेचकर नशा करने लगे।
- नशे की हालत में यह बच्चे सड़क किनारे नालियों एवं नगर क्षेत्र के विभिन्न खण्डरों में रहने लगे।
- उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा पुनः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के पराविधिक कार्यकर्तागण की टीम का गठन किया गया।
- उक्त गठित टीम द्वारा सी0ओ0सिटी0, देहरादून के नेतृत्व में उक्त बच्चों को पुनः रेस्क्यू किया गया एवं बच्चों का जी0डी0 डालनवाला थानें में किया गया इसके बाद कोरोनेशन अस्पताल, देहरादून में उन बच्चों की प्रारम्भिक चिकित्सा व कोरोना टेस्ट करवाया गया। कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद समाज कल्याण विभाग व अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा उन तीनों बच्चों को दुबारा रेस्क्यू कर आसरा नशामुक्ति केन्द, देहरादून में पुर्नवास के लिये भर्ती करा दिया गया।

फोटोग्राफ

कबाड़ चुगने वाले नशे में संलिप्त बच्चों को किया रेस्क्यू

■ पहले भी रेस्क्यू किया था, नहीं मिला पुनर्वास

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। दून नगर क्षेत्र में जिला समाज कल्याण देहरादून व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून व अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कबाड़ चुगने वाले नशे में सँलिप्त बच्चों को रेस्क्यू किया गया।

इन बच्चों को पहले भी रेस्क्यू किया गया था, मगर सही पुनर्वास न मिलने के कारण इन बच्चों की स्थिति पहले जैसी होने के कारण दुबारा रेस्क्यू किया गया है। पूरे उत्तराखण्ड में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे है व नशे में सँलिप्त बच्चे पर कोरोना संक्रमण का खतरा बहुत ज्यादा है। नशे की हालत में यह बच्चे सड़क किनारे, नालियों, नगर श्रेत्र के विभिन्न खंडहरों में रहते है। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गठित टीम की ओर से सीओ सिटी शेखर सुयाल के नेतृत्व में रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किए गए तीन बच्चे में से दो 11 व एक 14 वर्ष का है। रेस्क्यू किए गए बच्चों का जीडी डालनवाला थाने किया गया उसके बाद कोरोनेशन अस्पताल में प्रारंभिक चिकित्सा व कोरोना टेस्ट कराया गया,कोविड रिपोर्ट नेगिटिव आने के बाद आसरा नशा मुक्ति केंद्र प्रेमनगर में पुनर्वास के लिए भेजा गया। रेस्क्यू टीम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समीना, समर्पण संस्था से मानसी मिश्रा, आपका आसरा नशा मुक्ति केंद्र से कृतिका क्षेत्री, मैक संस्था से जहांगीर आलम व प्रमोद बेलवाल आदि उपस्थित रहे।

कबाड़ बीनने वाले तीन बच्चों को कराया मुक्त

नशे की गिरफ्त में आ गए थे कबाड़ बीनने वाले मासूम

dehradun@inext.co.in

DEHRADUN (22 April): जिला समाज कल्याण विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कबाड़ बीनने वाले नशे में सँलिप्त तीन बच्चों को रेस्क्यू किया.

परेड ग्राउंड क्षेत्र बीनते थे कूड़ा

सीओ सिटी शेखर सुआल ने बताया कि स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बच्चों को पहले भी रेस्क्यू किया गया था. उस समय स्वजनों ने लिखित में दिया था कि वह बच्चों को अब पढ़ाएंगे, लेकिन उन्होंने दोबारा बच्चों को कबाड़ बीनने में लगा दिया.

सूचना दी कि तीन बच्चे परेड ग्राउंड क्षेत्र में कूड़ा बीनते हैं. तुरंत एक टीम को भेजकर बच्चों को रेस्क्यू किया गया. सीओ सिटी ने बताया कि बच्चों का कोरोनेशन अस्पताल में प्रारंभिक चिकित्सा व कोरोना टेस्ट करवाया गया. जिसमें उनका कोविड निगेटिव आया. इसके बाद बच्चों को आपका आसरा नशा मुक्ति केंद्र प्रेमनगर में भेज दिया गया.

इन्होंने किया योगदान

रेस्क्यू टीम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समीना, समर्पण संस्था से मानसी मिश्रा, आपका आसरा नशा मुक्ति केंद्र से कृतिका क्षेत्री, मैक संस्था से जहांगीर आलम व प्रमोद बेलवाल आदि शामिल रहे.

03

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा लड़की की शादी हेतु समाज कल्याण विभाग से रू0 50,000/– दिलाकर सहायता की गयी

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून को दूरभाष पर कल्पेश्वरी देवी, निवासी–एम0डी0डी0ए0,रोड, गोरखपुर, देहरादून नामक एक गरीब महिला द्वारा अपनी पुत्री की शादी हेतु आर्थिक सहायता के सम्बंध में मदद मांगी गयी।
- उक्त महिला द्वारा कथन किया गया कि वह एक गरीब महिला है एवं उसके पति का देहान्त हो चुका है। उसकी पुत्री की शादी भी तय हो चुकी है परन्तु पति की मृत्यु हो जाने के कारण उसे काफी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। उसे यह भी डर है कि आर्थिक तंगी होने के कारण उसकी पुत्री की शादी न टूट जाये।
- उक्त मामलें को संज्ञान में लेते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा पराविधिक कार्यकर्तागण को उस महिला की हर प्रकार से सहायता किये जाने हेतु आदेशित किया गया।
- तत्पश्चात् पराविधिक कार्यकर्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा उक्त महिला का आय प्रमाण–पत्र बनवाया गया। उसके पश्चात् आवेदन सम्बंधित समस्त प्रक्रिया पूर्ण करवा के समाज कल्याण विभाग में जमा किये गये।
- सभी प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर समाज कल्याण विभाग से जानकारी ली गयी।
- अंत में दिनांक 12.04.2021 को प्राधिकरण द्वारा उक्त महिला को उनकी पुत्री की शादी के लिये समाज कल्याण विभाग से रू0 50,000/– की आर्थिक सहायता दी गयी जिस पर उक्त महिला द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून को आभार व्यक्त किया गया।

04

महिला द्वारा नौकरी हेतु दिये गये पैसे वापस दिलवाया गया

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून को प्रार्थीगण श्री संदीप सिंह एवं श्री वीर नौटियाल द्वारा अपनी समस्या के निवारण के सम्बंध में पत्र प्रेषित किया गया।
- उक्त प्रार्थीगणों द्वारा प्रार्थनापत्र में कथन किया गया कि वह प्राईवेट कम्पनियों में कार्य करते है। उनकी पूजा रावत नामक महिला द्वारा उस महिला की चिकित्सीय विभाग में नौकरी लगाये जाने हेतु सम्पर्क किया गया।
- प्रार्थीगण द्वारा यह भी कथन किया गया कि उन्होनें साफ–साफ मना कर दिया था कि उनकी किसी से नौकरी लगवाये जाने हेतु जान–पहचान नहीं है एवं न ही वह नौकरी लगाने का कार्य करते हैं।
- परन्तु कुछ समय पश्चात् पूजा रावत नामक महिला ने एक प्रार्थीगण से नौकरी लगवाये जाने हेतु दबाव डालने लगी एवं पूजा रावत महिला ने प्रार्थीगण के अन्य दोस्त विकास चन्द्रा नामक व्यक्ति से नौकरी लगवाये जाने हेतु सम्पर्क किया गया।
- प्रार्थीगण के अन्य दोस्त विराज चन्द्रा ने उक्त महिला से नौकरी लगवाये जाने हेतु रू0 4 लाख की मांग की एवं यह कहा कि वह उस महिला की नौकरी एम्स अस्पताल, ऋषिकेश में लगवा देगा। उक्त महिला ने रू0 4 लाख प्रार्थीगण वीर नौटियाल के एकाउण्ट में जमा कर दिये।
- परन्तु कुछ समय पश्चात् कोरोना महामारी के चलते काम न हो पाने के कारण प्रार्थीगणों ने उक्त महिला को कुछ पैसे दे वापस कर दिये। परन्तु कुछ पैसे शेष थें।
- महिला द्वारा शेष पैसे वापस दिये जाने हेतु जब प्रार्थीगणों से सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा यह कथन किया गया कि उनके द्वारा विकास चन्द्रा जिसके पास बाकी शेष रूपया है को पैसे वापस करने हेतु कहा गया तो उस व्यक्ति द्वारा शेष पैसे वापस करने से मुकर गया।
